प्रेस-विज्ञप्ति 07.09.2021

दिनाँक 7 सितम्बर, 2021 को सायं 04:00 बजे से सायं 05:30 तक मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं अल्टिलियम (Altilium energie private limited) के संयुक्त तत्वाधान में वाणिज्यिक और औद्योगिक (सी एंड आई) उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रिसिटी कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन विषय पर एक सत्र आयोजित किया गया।

मर्चेंट्स चेम्बर के अध्यक्ष श्री मुकुल टंडन ने चेम्बर एवं सहयोगी संस्थान अल्टिलियम की ओर से सभी सदस्यों का अभिनंदन किया और कहा कि यह सत्र विशेषतः बड़े कमर्शियल और इंडस्ट्रियल उपभोक्ता जिनका स्वीकृत विद्युत लोड 1250 KVA या उससे अधिक है, के लिए आयोजित किया गया है। श्री टंडन ने कहा कि हम सबको आशा है कि आज के सत्र से यह जानकारी प्राप्त करेंगे कि किस प्रकार से हम विद्युत् की खपत उक्त लोड से अधिक होते हुए भी विद्युत खर्च को कैसे कम कर सकते है तथा विद्युत् के अन्य वैकल्पिक स्त्रोत क्या हो सकते और उनसे कैसे समस्त बड़े उपभोक्ताओं को विद्युत् खर्च को काम करने में लाभ मिल सकता है । श्री टंडन ने सहयोगी संस्थान के विशेषज्ञों से अपना ज्ञान उपस्थित समस्त सदस्यों से साझा करने के लिए अनुरोध किया।

मिस ट्विंकल मंगलानी, अल्टिलियम ने बताया कि अल्टिलियम प्रमुख कॉर्पोरेट उपभोक्ताओं के साथ बिजली लागत अनुकूलन से जुड़ी सभी सेवाओं के लिए सबसे बड़े वन-स्टॉप समाधान प्रदाताओं में से एक है, और हमारे प्रख्यात वैश्विक उपभोक्ता जैसे जुनिपर नेटवर्क्स, कोटक महिंद्रा बैंक, ओरिएंट सीमेंट्स, किर्लोस्कर आदि हैं।

श्री अमित कुमार, MD, अल्टिलियम ने अपनी आगामी योजनाओं को स्पष्ट किया।जिसके अंतर्गत टीम अल्टिलियम न्यूनतम अनुबंध मांग वाले सदस्यों के लिए पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों बिजली आपूर्ति विकल्पों के लिए अंतर्दृष्टि-संचालित और व्यावहारिक रूप से कार्यान्वयन योग्य बिजली समाधान और सेवाएं प्रदान करेगी। बिजली कंपनी के साथ 1250 KVA, और अधिक किसी भी वोल्टेज स्तर पर वर्तमान बिजली खरीद की तुलना में बिजली की लागत में कमी पर मुख्य ध्यान दिया जाएगा। सभी वितरण क्षेत्रों के भीतर वे हरित ऊर्जा (सौर, जल, पवन, आदि) आपूर्ति के माध्यम से कार्बन तटस्थ संचालन प्राप्त करने के लिए ठोस समाधान भी प्रस्तुत करेंगें साथ ही साथ बिजली की लागत में कमी सुनिश्चित करेंगे।

उपभोक्ता सदस्यों ने अल्टीलियम की टीम से आगामी योजनाओं को लेकर प्रश्न किए जिनका

टीम अल्टीलियम की ओर से उत्तर दिया गया ।

सत्र का संचालन श्री महेंद्र मोदी, सचिव, मर्चेंट्स चेम्बर ने किया तथा सत्र के अन्त में मर्चेंट्स चेम्बर के उपाध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया ने उपस्थित समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

सत्र में मुख्य रूप से श्री श्याम मेहरोत्रा, श्री संजीव लोहिया, श्री जमाल नसीर, श्री आनंद पाठक, श्री संजय बाजपेयी, श्री विनय पटेल, व्यापारी व उद्यमीगण तथा मर्चेंट्स चेम्बर के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।